## खबर संक्षेप

### मरीज को दिलाई 85 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक मरीज को 85 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। इस राशि से मरीज का भोपाल के अस्पताल में बेहतर इलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान मद से जाखावाड़ी निवासी सतीश पिता अजाबराव खरपुसे को 85 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। इस राशि से मरीज का भोपाल के अस्पताल में बेहतर इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

### उप संचालक ने दो दुधारू पशुओं की जान बचाई

**छिन्दवाड़ा।** मादा पशु बच्चा देने के बाद 02 से 03 दिन में मिल्क फीवर बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं। जो दुधारू पशु अधिक दूध देते हैं, उनमें यह बीमारी प्रायः देखने में आती है। इसी क्रम में जिले के विकासखण्ड मोहखेड़ के ग्राम बड़गोनाजोशी के पशुपालक श्री मानिकराव ठाकरे की भैंस तीन दिन पहले जनी उसके बाद वह बीमार हो गई, उसको मिल्क फीवर हो गया था। तब तत्काल उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार को सूचित किया गया। इस पर उपचार के दौरान भैंस को कैल्शियम की बॉटल कार्बोरल 450 एम.एल. आई.वी. लगाया गया। भैंस जमीन पर बैठी थी जैसे ही बॉटल आई.वी. लगाई गई, तत्काल भैंस उठकर चारा खाने लगी। इस बीमारी में पशु का तापमान नार्मल से कम हो जाता है, पशु बीमारी होने के कारण जमीन पर अपनी गर्दन मोड़कर बैठ जाता है।

## मोहखेड़ थाने का मामला, खूनाझिरकला गांव में हुई घटना, गांव में आक्रोश

# बुजुर्ग की दर्दनाक हत्या, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले में इन दिनों अपराध अपनी सीमा लांघ चुके है। आए दिन करीबी रिश्तों को शर्मसार होने की घटनाएं निरंतर सामने आ रही है। अभी हाल ही में पिता की हत्या मां बेटे ने मिलकर कर दी थी और अपना गुनाह छिपाने की भी कोशिश की परंतु पुलिस की सक्रियता के चलते महज 24 घंटे के अंदर ही वारदात का खुलासा कर आरोपी मां बेटे को गिरफ्त में लिया गया और यह मामला अभी शांत ही नहीं हुआ था कि शनिवार को सुबह ही मोहखेड़ थाना क्षेत्र में बुजुर्ग की हतया का मामला सामने आ गया। फिलहाल इस हत्या के मामले में जांच की जा रही है। परंतु आए दिन हो रहे हत्या के मामलों से आम आदमी में दहशत का माहौल है। अवैध हथियारों तस्करी और बिक्री ने भी शहर की फिजा में जहर खोलकर रखा है। युवाओं में हथियारों के प्रति बढ़ता क्रेज अब चिंता का विषय बनता जा रहा है।




छिंदवाड़ा के मोहखेड़ थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की हत्या का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना शुक्रवार खुनाझिरकला गांव की है। सूचना पर मोहखेड़ थाना प्रभारी खेलचंद पटले अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी खेलचंद पटले ने बताया कि मृतक की पहचान प्राताप धुर्वे (60 वर्ष) निवासी खुनाझिरकला के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के पीछे का कारण स्पष्ट हो सकेगा। शनिवार सुबह जब लोगों ने प्राताप धुर्वे का शव देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। फिलहाल पूरे गांव में घटना को लेकर दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और एकता की भावना को लेकर देंगे संदेश

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पदयात्रा करेंगे सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मेरा भारत के माध्यम से देश भर में विकसित भारत पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। जिसके तहत छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा सहित प्रदेश और देश भर में 31 अक्टूबर से लेकर 16 नबम्बर 2025 तक पदयात्रायें निकाली जायेगी। लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले में पदयात्रा करेंगे। जिसकी शुरूआत सांसद श्री साहू 31 अक्टूबर को बिछुआ क्षेत्र से करेंगे, सांसद श्री साहू 1 नवम्बर को पाण्ढुर्णा जिले में पदयात्रा पर रहेंगे। इस दौरान सांसद श्री साहू युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और एकता की भावना को लेकर लोगों को संदेश भी देंगे।

उक्त राष्ट्रव्यापी अभियान को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि 6 अक्टूबर को दिल्ली मंत्रालय में इसकी शुरुआत की गई है। यह भारत सरकार और मेरा भारत की पहल है, जो कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को समर्पित है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जाग्रत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुये भारत को एक भारत बनाया उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ायेगी। इस अभियान के जरिये युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# नदी की हुई सफाई, छठ पूजा के लिए घाट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



रविवार से शुरू होने वाली छठ पूजा के लिए न्यूटन पेंच नदी के घाट तैयार हैं। नगर पंचायत न्यूटन द्वारा लगातार तीन दिनों तक सफाई अभियान चलाकर नदी की सफाई कराई गई। घाट पर रंग रोंगन किया गया। प्रकाश व्यवस्था भी की गई। अध्यक्ष अनुपमा राय और परिषद के अन्य सदस्यों ने निरिक्षण किया। नदी से कचरा हटाया गया। श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने हेतु घाटों को दुरुस्त किया गया।

अध्यक्ष अनुपमा राय ने कहा, कि छठ महापर्व हमारी आस्था एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पर आते हैं, ऐसे में स्वच्छता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना नगर परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से भी अपील की गई, कि स्वच्छता अभियान में सहयोग करते हुए छठ महापर्व की पवित्रता बनाए रखने में सहभागी बनें। साथ ही में परासिया और आसपास के नगरों की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं संगठनों नागरिको से अनुरोध करते हुए कहा, कि समन्वय बनाकर पेंच नदी पुल घाट में होने वाले अस्थि विसर्जन और मुंडन कर्मों का स्थल परिवर्तन किये जाने हेतु सहयोग प्रदान करें। सभी के समन्वय और सहयोग से यह संभव होगा।

# मेडिकल कॉलेज को सबसे अधिक एमडी की 46 सीटें मिली

## सांसद के प्रयासों से छिन्दवाड़ा को चिकित्सा क्षेत्र में मिला दीपावली का बड़ा उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से महानगरों की तर्ज पर चिकित्सा क्षेत्र में छिन्दवाड़ा भी निरंतर विकास कर रहा है। उनकी पहल एवं प्रयासों से पूरे मध्यप्रदेश में छिन्दवाड़ा चिकित्सा महाविद्यालय को पोस्ट ग्रेजुएट एमडी की सबसे अधिक 46 सीटें मिल गई है। सांसद के सवा साल के कार्यकाल में ही मेडिकल कॉलेज को एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। इसे जहां छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है वही यहां के निवासियों को अब बेहतर चिकित्सा सुविधा छिन्दवाड़ा में ही उपलब्ध हो सकेगी।

सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में एमडी की पढ़ाई शुरू होने से जहां यहां के युवाओं को मेडिकल शिक्षा के और भी अधिक अवसर मिलेंगे वहीं स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भी नई मजबूती मिलेगी। हमारा क्षेत्र अब चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की ओर अग्रसर होगा। सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि देश और प्रदेश के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो। इसी मंशा के अनुरूप देश, प्रदेश और छिन्दवाड़ा में भी चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगभग 70 करोड़ भारतीय जरूरतमंद व्यक्तियों को 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है।

# दीपोत्सव 2025 में हुई एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

**सौंसर।** फिर से एक बार उजड़ जाते हैं हम तेरे इश्क में पड़ जाते हैं, ऐसे एक से बढ़कर कई सुरमई गीतों की प्रस्तुति नगर के भवानी माता मंदिर में सुरमई संगीत संध्या कार्यक्रम गायक कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत करते हुए दर्शकों की बार-बार तालियां बटोरी, नगर की संगीत सदन संस्था की ओर से दीपोत्सव 2025 के अंतर्गत दिवाली पर्व के उपलक्ष में साज दिवाळीची सुरेल स्वरांची कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा पूजन के साथ किया गया।आयोजन के दौरान नागपुर से आए हुए आकाशवाणी कलाकार गायिका विद्या बल्लोली बोरकर, प्रसिद्ध बांसुरी वादक आदित्य बोडे,दिवेश मंडल के साथ ही स्थानीय कलाकार गायक हर्षल खरे, पुंडलिक लांजेवार, निलेश सेलुकर, गायिका नीता बागड़े, सोनाली हर्षल खंडाईत, जितेंद्र पराये, विक्रम घाटोड़,ध्रुव कुरोठे, जगदीश विश्वकर्मा के द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां देते हुए दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी है। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष मनोहर वाघ, सचिव सचिन कलसकर, विक्रम घाटोड ने बताया कि नगर की पौराणिक संगीत परंपरा को सजीवता प्रदान करने के उद्देश्य से दीपावली के शुभ अवसर सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन बीते वर्षों से किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधाओं में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतिया देर रात तक चलती रही है। कार्यक्रम का संचालन संदीप बागडे एवं आभार प्रदर्शन विक्रम घाटोड ने किया।



# जिले के भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी सांसद लता वानखेड़े को प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने पर बधाईयों का सिलसिला जारी



**छिंदवाड़ा।** प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने के उपरान्त सागर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े अपने पैतृक निवास छिंदवाड़ा पहुंची जहां भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने मुलाकात कर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ जिला महामंत्री विजय पांडे, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, धर्मेंद्र मिगलानी, गुरजीत बेदी, लोकेश डेहरीया, संजीव रंगू यादव, प्रमोद शर्मा, भारत घई, दिनसु यादव, अलकेश साव, संदीप सिंह चौहान, राकेश माइकल पहाड़े, कृपाशंकर सूर्यवंशी, अनीश पटेल, मनीष निर्मलकर, शिखर पांडे, परमाल रघुवंशी, निन्ना शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सागर सांसद लता वानखेड़े का चौरई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

# न्यायालय से सजा प्राप्त वेकोलि कर्मचारी दे रहे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं

## पार्षद संदीप सिंह चौहान ने पदमुक्त करने का मुख्य प्रबंधक निदेशक को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वे.को.लि. पेंच क्षेत्र में विभिन्न इकाइयों एवं क्षेत्र में न्यायालय द्वारा दंडित अधिकारियों को महाप्रबंधक द्वारा व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रमुख पदों पर पदस्थापित किया गया है। जो की कामगारों की सुरक्षा एवं जान से खिलवाड़ जानबूझकर किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रकरण क्रमांक 615/ 2017 सुरक्षा उपनिदेशक परासिया क्षेत्र परासिया द्वारा 1. पी वाय पौनिकर तात्कालिक प्रबंधक नेहरिया भूमिगत खान 2.सत्येंद्र कुमार तात्कालिक उप क्षेत्रीय प्रबंधक नेहरिया उपक्षेत्र 3.अभिकांत खोबरागड़े तात्कालिक उप प्रबंधक नेहरिया भूमिगत खान 4.पीके साहू सहायक प्रबंधक नेहरिया भूमिगत खान 5.राजेश अवस्थी तात्कालिक ओवर में नेहरिया भूमिगत खान को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश द्वारा विभिन्न धाराओं में दिनांक 11/ 11/ 2022 को माइन्स एक्ट 1952 की धारा 72 (ए) 72 सी 182 ,72 (सी) 1b के तहत दंडनीय अपराध का आरोप है।अभियुक्त गण की घटना दिनांक 4 /3/ 2013 के आधार पर आरोप सिद्ध हुआ है जिसमें न्यायालय द्वारा पी वाय पौनिकर, सत्येंद्र कुमार अभिकांत खोबरागड़े, पी के साहू ,राजेश अवस्थी को 6 माह का सश्रम कारावास एवं साथ ही 2000 का अर्थ दंड से दंडित किया गया है।

जानकारी के अनुसार उसके पश्चात भी महाप्रबंधक द्वारा पी वाय पौनिकर वर्तमान में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी पी के साहू वर्तमान में प्रबंधक नेहरिया भूमिगत खान अभिकांत खोबरागड़े वर्तमान में कन्हान क्षेत्र में उप महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ कर व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जानबूझकर कंपनी के नियमों को अनदेखा कर उक्त प्रमुख पदों पर पदस्थापित कर क्षेत्र में चल रही माइंसों एवं माइंस में कार्यरत हजारों कामगारों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के काम से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। जिसे बचाने के लिए मुझे कदम उठाना पड़ रहा है।

विषय में गंभीरता से लेते हुए दोषी अधिकारियों को तत्काल उक्त पदों से पद मुक्त कर माइंस एवं कामगारों की सुरक्षा एवं साथ ही सुरक्षित रूप से उत्पादन कार्य चल सके एवं वर्तमान महाप्रबंधक पेंच क्षेत्र पर भी उचित कार्यवाही करेंगे। जिससे क्षेत्र में होने वाली किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके।

# रावनवाड़ा में हुआ ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत

**परासिया।** पूज्य माताजी वन्दनीया भगवती देवी शर्मा की विश्व स्तरीय जन्म शताब्दी वर्ष (2026) के उपलक्ष्य में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे ज्ञान गंगा विचार क्रांति अभियान के तहत ज्योति कलश यात्रा का नगर में आगमन हुआ। रावनवाड़ा पहुँचने पर नगरवासियों, श्रद्धालुओं तथा गायत्री परिवार के सदस्यों ने कलश यात्रा का पुष्पवर्षा व जयघोष के साथ स्वागत किया। यात्रा ने नगर भ्रमण करते हुए जन - जन को माताजी के विचार, जीवन दर्शन एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा भजन, दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक संकल्प जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों ने वन्दनीया माताजी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।



# सांसद की उपस्थिति में मढ़ई मेला सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर के वार्ड नम्बर 3 टेक मोहल्ला श्री शिव मन्दिर के पास विगत 40 वर्षों से चली आ रही मढ़ई मेले का समापन सांसद बंटी साहू की उपस्थिति में हुआ। मढ़ई मेले आयोजन देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम में विवेक बंटी साहू सांसद, टीकाराम चंद्रवंशी महामंत्री, ज्योति डेहरिया विधान सभा प्रभारी, विनोद मालवी अध्यक्ष नगर पालिका, महेश सोमकुंवर उपाध्यक्ष नगर पालिका, बल्लू नागी मण्डल अध्यक्ष उपस्थित थे। सांसद ने मढ़ई मेले में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित किया। क्षेत्र में बच्चों के साथ हुई दुखद घटना को लेकर श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्म शान्ति के लिए मौन धारण किया गया। कार्यक्रम में 12 मंडलों ने भाग लिया। सभी ने आधुनिक वेश भूषा में अपनी प्रस्तुति दी। श्री राधा कृष्ण मण्डल हनोतिया (प्रथम), जय माँ भवानी मण्डल कोहनियां (द्वतीय), ग्वाल बाल मण्डल लिखावाड़ी (तृतीय), श्री राधा मण्डल शीलादेही (चतुर्थ), जय बजरंग मण्डल तुतीखेड़ा (पांचवा) स्थान पर रहे। सभी मण्डलों को नगद राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। तत्कालीन प्रश्न में महिलाओं और बच्चों से 40 प्रश्न पूछे गए। सभी को पुरुष्कार से सम्मानित किया गया। मढ़ई मेले के अध्यक्ष लेखराम यादव को भी महिला मंडल की ओर से सम्मानित किया गया

# अहीरी नृत्य टोलियों को किया सम्मानित

## समिति सदस्यों ने टोलियों को शॉल एवं श्रीफल व शॉल की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पश्चिमी न्यूटन वार्ड नं 8 वॉलीवाल मैदान में अहीरी मढ़ई मेले का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम मढ़ई मेला आयोजन समिती की ओर से न्यूटन वार्ड नं 10 निवासी तुलसा बाई यादव के परिवार के साथ ध्वज यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ मालदेव बाबा मंदिर वार्ड नं 8 पहुंची। यहाँ ध्वज अर्पित कर विधिवत पूजन किया गया।

ग्राउंड पर लगे जेरी के खंभे पर भी ध्वज अर्पित कर दुर्गा मंदिर में पूजन किया गया। क्षेत्र की भजन मंडल द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई। मेले में क्षेत्र की 7 अहिरी नृतक टोलियों ने अहिरी नृत्य का प्रदर्शन किया। मातृशक्ति दुर्गावाहिनी द्वारा दंड का प्रदर्शन किया गया।अहीर नृत्य टोलियों को शाल, श्री फल, मीठा, गमछा भेंट कर नगद पुरुस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद श्रीराम खिचड़ी का वितरण किया गया।



मेले में खिलौने, मीठा और गुपचुप की दुकानें, बच्चो के स्लाइडिंग झूले आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष चंद्रमोहन श्रीवास, कार्यवाहक अध्यक्ष श्री चंद पटेल, उपाध्यक्ष बलराज यादव, सचिव राहुल सराठी पार्षद वार्ड नं 8, सह सचिव दीपक बाथरी, दिनेश ठाकुर, मोंटी यादव, सुदीप डेहरिया, विकास मंडलोई, द्वारका सनोडिया, हरि आठनकर, जयंत राय पार्षद वार्ड नं 9, राजा बावरिया, रूपेश इरपाची, विवेक यादव, अंशुल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विकाश डेहरिया सहित अन्य सदस्यों द्वारा मेले का आयोजन किया गया।

## खेल परिसर का मैदान खेल के बजाय दौड़ लगाने तक हुआ सीमित

# कांक्रीट प्लांट कीचड़ एवं लकड़ियों के ढेरों से खेल प्रतिभाओं का हो रहा हनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जिले का इकलौता आवासीय खेल परिसर जिसमें 100 छात्र निवासरत हैं। यहां पर वो पढ़ाई के साथ खिलाडी बनकर जिले का नाम देशभर में रोशन कर सकें, लेकिन इस परिसर का दुर्भाग्य है कि यहां पर खेल की सर्व सुविधा होने के बावजूद भी अधिकारियों की उदासीनता के चलते यहां के निवासरत बच्चे खिलाड़ी बनने पिछले तीन वर्षों से वंचित होते चले आ रहे हैं। ऐसा सिर्फ इसलिए हो पा रहा है कि इस खेल परिसर के मैदान पर सहायक आयुक्त प्राचार्य की मेहरबानी से सांदीपनी स्कूल बनाने वाले ठेकेदार ने इस खेल मैदान पर अपने कांक्रीट प्लांट लगा रखे है जिससे खेल मैदान सिकुड़ गया और बच्चे केवल दौड़ एवं व्यायाम तक सीमित है। बावजूद यहां एथलीट में बच्चे खेल मैदान के अभाव के बावजूद भी प्रतियोगिता में खेल परिसर का झंडा बुलंद किए हुए हैं। इन खिलाडी छात्रों की बदकिस्मती ही कही जाएगी यहां पर अनावश्यक रूप से नीलगिरी के पेड़ स्कूल प्रबंधन के द्वारा कटवाय गए हैं। काटने वाले ठेकेदार ने पूरी लड़कियां इसी मैदान के आजू-बाजू डिपो समझ कर रख रखी जिसमें बच्चों को अभ्यास करने की जगह नहीं है तो समझा जा सकता है कि यहां खिलाड़ी कैसे तैयार होंगे लेकिन हैरत करने वाली बात है कि यहां पर सहायक आयुक्त जनजाति विभाग कभी निरीक्षण करने नहीं आते इसका नतीजा है कि पिछले एक वर्ष से यहां पर लकड़ियां खेल मैदान पर जमा रखी है। जिस कारण दौड़ लगाने के लिए छात्रों को मैदान बहुत छोटा पड़ रहा है।





वहीं ठेकेदार के निर्माण सामग्री लाने वाले वाहन से भी खेल मैदान तहस नहस चुका है, लेकिन इन खिलाड़ियों की सुध लेने वाले कोई अधिकारी नहीं होने की दशा में यहां पर खेल प्रतिभाओं का हनन हुआ है जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है।

## मन्नत, जाह्नवी, शुभेक्षा, निष्ठा ने फाइनल में किया प्रवेश

# बैडमिंटन स्पर्धा में बालिकाओं ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

जिला बैडमिंटन संघ द्वारा ओलंपिक स्टेडियम में चल रहे ओपन जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर जुनियर प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस जूनियर व सीनियर महिला वर्ग का मैच खेला गया, जिससे सभी विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया।सुंदर आयोजन का सफल संचालन बैडमिटन संघ सचिव जावेद खान एवं आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक राज जैन ने कर प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दी ओर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मितल जुनेजा, श्वेता पाटनी घई, नीलम डोडानी, पारुल पांडे, माही खंडेलवाल, श्रीमती शर्मा, विनीता नेटी, रेणु पाटनी, ललितमणि सरवैया, मीना ठवरे, मेखला सरवैया, अलका रघुवंशी, श्रेया करजगांवकर सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं।

### ये हुई सम्मानित

इस अवसर पर साक्षी, समीक्षा, परी, जाह्नवी, निष्ठा, लक्ष्मी, श्रेया, मन्नत, रूबल, ध्रुव, लक्ष्य, अश्वंत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।निर्णायक के रूप में जावेद खान, राकेश चौरसिया, संजय सिसोदिया, विनय सिंह चंदेल, तरुण विश्वकर्मा, अश्वंत मार्को, महिमा यादव, निकुंज डेहरिया, पार्थ चौकसे, तनिष्का विश्वकर्मा सहयोग किया। आज 26 अक्तूबर रविवार को जूनियर वर्ग के डबल्स के मैचों के साथ सीनियर वर्ग के मुकाबले दोपहर 2 बजे से खेले जाएंगे।

## मोहगांव में हुआ बौध्द बधुओं का सत्कार समारोह



**मोहगांवहवेली।** हाल ही में मोहगाव हवेली के सम्यक बुद्ध विहार में वर्षवास समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विगत तीन माह से निरंतर बुध्द विहार में वर्षावास के अंतर्गत प्रतिदिन बुद्ध और उसका धम्म का वाचन, सामूहिक बुद्ध वंदना, धम्म देशना आदि कार्यक्रम किया जा रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश सहारे राजनांदगांव के द्वारा की गई। वर्षवास समापन अवसर पर सुबह पूज्य भंते सारीपुत्रजी की उपस्थिति में नगर में धम्म रैली निकालकर नगर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के पटल पर माल्यार्पण कर किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डी. के गजभिए, यशवंतराव बसोड़ श्रीमती सीमा भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,मुरलीधर कामले, देवेंद्र बागडे, कैलाश बसोड़, विधि बसोड़, राजेंद्र सहारे, आदि थे, आयोजन के दौरान धम्म देशना में वक्ताओं ने तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के द्वारा बताए गए बुद्ध धम्म के मार्ग को अंगीकार करते हुए अपने परिवार समाज का कल्याण कैसे कर सकते है इस पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश बागड़े आभार महादेव गोड़बोले ने किया, कार्यक्रम में संजय सहारे,अरुण बागड़े,रवि देशभरतार,अरुण बागडे, पंचशीला बागडे मदाताई सहारे, भीमराव सहारे, कैलाश बसोड़, नारायण सहारे,विनायक गोडबोले चिंतामण बसोड़ आदि थे।

## भाजपा नगर मंडल ने चलाया हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव

भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के द्वारा हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी अभियान के तहत बीते दिन दमुआ परासिया मार्ग पर स्थित श्री राम तिराहा से खेड़ापति माता मंदिर चौक तक में स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर स्वदेशी अभियान, जीएसटी कम होने स्टीकर चिपका, पाम्पलेट देकरब्व्यापारियों और आम नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आव्हान किया, साथ ही स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने तथा जीएसटी से दरों में हुई कमी से हो रहे फायदे की जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी जी, महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी जी, कोषाध्यक्ष मनीष बंटी साहू जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोनू जैन जी , पार्षद अमित यादव जी, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव जी, रोहित मिश्रा जी, विजय सूर्यवंशी जी, अनिल यदुवंशी जी, राहुल मुंगेर जी, राजेंद्र रजक जी, अनिल पाटिल जी, बाबा बेलसर जी, जितेंद्र सूर्यवंशी जी, विपिन बिंदवारी जी, सुनील धुर्वे जी,बालकृष्ण खंताल जी सहित भाजपा के नेता, कार्यकर्ता ओर जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वृत्ता सुर वध, हेयय वंश वर्णन, नारद पर्वत आख्यान, सूर्यवंश और चंद्रवंश की कथा का किया बखान



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 10-11 मैं युवा शक्ति मां काली पूजा समिति द्वारा विराजित माता महाकाली प्रतिमा एवं 64 योगिनी माता प्रतिमा स्थल पर श्रीमद् भगवती कथा का आयोजन किया गया है कथा के तीसरे दिन 25 अक्टूबर को भागवती कथा वाचक आचार्य विशाल कृष्ण वृंदावन धाम द्वारा देवी महिमा की कथा के साथ वृता सुर वध, हैयय वंश वर्णन, नारद पर्वत आख्यान, सूर्यवंश और चंद्रवंश की कथा का बखान किया गया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि वृता सुर ईश्वर की तपस्या कर वरदान पाया था जिसे कोई भी साधारण अस्त्र नहीं मार सकता था तब भगवान विष्णु के सुझाव पर देवराज इंद्र द्वारा हड्डियों के वज्र से वृत्तासुर का वध किया जाता है। उनके द्वारा हेयय वंश का वर्णन की कथा सुनाई गई साथ ही देव ऋषि नारद द्वारा मेरू पर्वत के अभियान भांग की कथा का बखान किया गया साथ ही सूर्यवंश एवं चंद्र वंश की वंशावली का बखान भी किया गया। उन्होंने कलयुग में मोक्ष प्राप्ति के लिए माता की भक्ति को श्रेष्ठ मार्ग बताया है साथ ही माता भक्ति से ही समस्त दुखों के नाश की बात भी कहीं। भागवत कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करने उपस्थित थे।



## छात्राओं को दी बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार आधिनियम की जानकारी



**छिंदवाड़ा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार के प्रावधानों से अवगत कराने संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन एवं डी पी ओ ब्रजेश शिवहरे एवं प्राचार्य मनीषा मिश्रा के मार्ग दर्शन मे शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाश नगर मे किया गया ।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल राव ने प्रशिक्षण के विषय में जानकारी देते हुए बताया की जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की वस्तु स्थिति , मिशन वत्सल योजना, के अंतर्गत संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ मे देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक तथा अनाथ बालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री कोविद-19 बाल सेवा योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी गई। साथ ही कोई निसंतान दंपति यदि बच्चा गोद लेना चाहता है तो उसके संबंध में कारा मे पंजीकरण कर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए कोई नि संतान दंपति बच्चा गोद ले सकता है ।

## प्रदेश महामंत्री मनोनीत हुई श्रीमती लता

**जुन्नारदेव।** भाजपा की समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ता श्रीमती लता वानखेड़े को प्रदेश महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया। अध्यक्ष प्रदेश भाजपा हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश की समिति का गठन में जिले का भी समावेश दिखा एवं जिले की निवासी एवं भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता श्रीमती लता वानखेड़े को अपनी समिति में प्रदेश महामंत्री का स्थान दिया है।श्रीमती लता वानखेड़े के इस पद पर मनोनीत होने पर भाजपा नेता अपील समिति सदस्य संजय जैन ने बधाई दी एवं अध्यक्ष प्रदेश भाजपा श्री खंडेलवाल का आभार माना।



## अधिकारियों ने उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था के निर्देश दिए

**जुन्नारदेव।** अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम कामिनी ठाकुर जुन्नादेव द्वारा तहसील जुन्नारदेव के अंतर्गत जनपद बैठक हाल में समस्त पटवारियों, समिति प्रबंधकों, उर्वरक विक्रेता और कृषि विस्तार अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली गई। जिसमें उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था के संबंध में जानकारी एवं निर्देश दिए । इस बैठक में तहसीलदार राजेंद्र टेकाम नायब तहसीलदार मोहित बोरकर कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।



## ग्राम कोटा में कंबल वितरण कर काटा गया केक

# ग्रामीणों को कंबल एवं अन्य सामग्री बांटकर मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के चांगोटोला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पादरीगंज के वन ग्राम कोटा में युवाओं ने पहुंचकर वहां के ग्रामीणों को कंबल व जरुरत की सामग्री का वितरण किया है। रात के करीब 8 बजे ग्राम में जाकर युवाओं ने जब ग्रामीणों को एकत्रित किया तो ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। सामग्री वितरण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वन ग्राम कोटा हाईवे सड़क से करीब पांच किलोमीटर जंगल के अंदर है, जहां जाने के लिए वर्तमान में रास्ता तक नहीं है। खस्ताहाल रास्ता से होकर ग्रामीण रोजाना आना-जाना करते हैं। वहीं युवाओं ने वन विभाग के अंतर्गत आने वाले वन ग्राम कोटा की समस्याओं को. वन विभाग के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है।

## विधायक ने समय सीमा में पुल का निर्माण कार्य करने दिए निर्देश

# चंदन नदी पर बिठली से रामपायली के बीच निर्माणधीन पुल का विधायक पटेल ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विधायक विवेक विक्की पटेल ने 9 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से चंदन नदी पर बिठली से रामपायली के बीच निर्माणाधीन पुल का एसडीओ अर्जुनसिंह सनोडिया के साथ निरीक्षण किया। इस पुल का निर्माण कार्य लाँजी की मेसर्स रायसिंग कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री को देखा और संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार से पुल निर्माण कार्य में कोताही ना बरते, निर्माण कार्य में अच्छी सामग्री का उपयोग करे।



**नवम्बर 25 में होना था पुल का निर्माण पूर्ण, लेकिन अभी भी नहीं हुआ पूरा:** विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि कुछ दिनों बाद कार्तिक माह में रामपायली मेला प्रारम्भ होगा और अभी पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ है। अगले एक महीने बाद नवंबर माह में इस पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होना था, मगर देखकर लगता है कि यह पुल बनने में लगभग 5-6 माह और समय लगेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को मेले में पहुंचने पर किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, अभी नदी में पानी का बहाव तेज हैं। जिससे नदी पार करने में महिलाओं और बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मेले को देखते हुए वैकल्पिक रास्ता बनाने का दिया हैं निर्देश:** निर्माण कार्य और नदी में पानी की स्थिति को देखते हुए विधायक श्री पटेल ने ठेकेदार और अधिकारी को मौके पर बुलवा कर पुल निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री को देखकर नदी में वैकल्पिक रास्ता बनवाने के निर्देश दिए। वही ग्रामीणों ने मुझे बताया कि पुल के एक ओर ठेकेदार द्वारा खेतों की मिट्टी लाकर साइड सोल्डर को भरा गया है। जिससे बारिश के समय बाढ़ के पानी के कारण मिट्टी का कटाव होने के चलते पानी ग्राम के अंदर प्रवेश कर सकता है। मैंने ठेकेदार को निर्देशित किया हूॅ कि ग्रामीणों द्वारा बताए गए समस्याओं का समाधान जल्द करे।

## 10 आवेदकों के साथ जनसमस्या शिविर हुआ आयोजित

# लांजी जनपद के ग्राम वारधा में लगाया गया जनसमस्या शिविर, अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



हरिभूमि न्यूज लांजी ।

कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ के नेतृत्व में 25अक्टूबर को जनपद पंचायत लांजी के ग्राम पंचायत नेवरवाही के ग्राम वारधा में जनसमस्या निवारण एवं वनाधिकार तथा आधार संबंधी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत नेवरवाही के साथ-साथ, आस-पास की ग्राम पंचायत सर्रा, घोटी के ग्रामीण भी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। शिविर में अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, बालाघाट आई.जी संजय सिंह, हॉक कमांडेंट श्री सियाज,एसडीएम कमलचंद सिंहसार , एसडीओपी श्री ओमप्रकाश, जनपद पंचायत सदस्य महेश चौधरी, सरपंच झामेंद्र टिकेश्वर, सर्रा सरपंच श्री राम आचरे, पौसेरा सरपंच कृष्णा पांचे, खुर्सीटोला सरपंच ओम प्रकश दोने, घोटी सरपंच श्रीचंद कामड़े, नंदौरा सरपंच श्रीमती नीलम सोहन बेंद्रे , बेलगांव सरपंच श्रीमती सुमित्रा लक्ष्मीचंद आचरे, देवरबेली सरपंच सुरेन्द्र सिंह मरावी,तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी, नायब तहसीलदार संजय बारस्कर,, जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामगोपाल यादव , थाना प्रभारी लांजी दीप सिंह परमार, एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नवीन आवास की मांग को लेकर ग्रामीण आए हुए थे। जिस पर ब्लॉक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना को निर्देशित किया गया कि वे शीघ्र प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। शिविर में ग्रामीणों द्वारा नल-जल योजना से जल दिलाने, पेंशन योजना का लाभ दिलाने, राशन कॉर्ड बनाने, राशन के लिए पात्रता पर्ची दिलाने, वन अधिकार पट्टा दिलाने, लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने, धान खरीदी पंजीयन की तिथि बढ़ाने, ग्राम जगला के जंगल में अवैध कटाई रोकने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए गए। इस पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए।शिविर में ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में प्रधानमंत्री सड़क तो बना दी गई है परंतु बारिश होने से पूरी तरह रोड धस चुकी है जिससे की बारिश में आने जाने की समस्या बनी रहती है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की ओर से 03 किसान रवि टिकेश्वर , योगराज नागेश्वर एवं अन्तुलाल वाल्के को तिलहन योजना के अंतर्गत 10-10 किलो अलसी का बीज प्रदान किया गया। किसानों के फसलों में लगे हुए रोग के प्रकोप को देखते हुए राजस्व विभाग को सर्वे करने के लिए निर्देशित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 140 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवाई दी गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया जिसमें सरस्वती नागेश्वर , यादूराम नागेश्वर, हरिश्चंद्र नागेश्वर ,समली बाई नागेश्वर ,राजकुमार वाल्के ,अनुसुइया , देमेश्वर ,अरमान को आयुष्मान वितरण किया गया।इसी प्रकार पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शिविर में उच्च अधिकारियों के साथ ही संबंधित पंचायत के सरपंच,पंच एवं समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### आत्म समर्पण करें नक्सली मिलेगा शासन की योजना का पूरा लाभ

नक्सल प्रभावित ग्राम वारधा मैं हुए समस्या निवारण शिविर में पहुंचे बालाघाट आईजी संजय सिंह ने ग्रामीणों से चर्चा की और नक्सलियों के लिए संदेश दिया कि जंगल में भटकने से किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं होगा। क्योंकि नक्सली अब कुछ नहीं कर सकते उन्हें आत्मसमर्पण कर देना चाहिए श्री सिंह ने कहा कि आत्मसमर्पण के दौरान शासन का जो भी लाभ है उन्हें पूरा मिलेगा जैसे 25 हजार रुपए महीने की पक्की नौकरी अगर वह जमीन खरीदना चाह रहा है तो उसे 20 लाख का अनुदान और अगर शादी करना चाह रहा है तो उसे 50 हजार की सहायता राशि दी जाएगी और अगर नक्सली हथियार के साथ आत्मसमर्पण करते हैं तो और वह हथियार बड़ा है जैसे AK-47 के साथ आत्मसमर्पण करता है तो उसे 4 लाख रुपए राशि दी जाएगी और छोटे हथियार के साथ अगर आत्म समर्पण करता है तो उसे 3 लाख से 2 लाख तक की राशि दी जाएगी। वही श्री सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि अगर कोई ग्रामीण नक्सलियों की मदद करता पकड़ा जाता है तो उसे पर तुरंत मामला दर्ज किया जाएगा और नक्सलियों की मदद करना अपराध की श्रेणी में आता है। वहीं भारत सरकार ने पूरे देश में नक्सलवाद खत्म करने के लिए एक निश्चित समय चुना है और वह समय 31मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने का टारगेट रखा है। इसलिए नक्सली इस समय के पूर्व आत्मसमर्पण कर दे वरना बेवजह मारे जाएंगे।

## डोंगरमाली में दो दिवसीय मंडई का शुभारंभ आज

**वारासिवनी।** दीपावली के बाद अब क्षेत्र में मंडई मेले का दौर प्रारंभ हो गया है। क्षेत्र की सबसे बड़ी मंडई के रुप में प्रसिद्ध ग्राम डोंगरमाली की दो दिवसीय मंडई का आयोजन 26 अक्टूबर से हो रहा है। जिसमें 26 अक्टूबर को ग्रामीणों के मनोरंजनार्थ देवी जस झॉकी ग्रुप के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदर्श मंढई समिति डोंगरमाली के अध्यक्ष सैफ अली खान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल व अध्यक्ष के रुप में लियाकत अली साहब उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में मनोज लिल्हारे सरपंच डोंगरमाली, इंदु रमेश पटेल जनपद सदस्य, अशोक लिल्हारे पूर्व सरपंच, शिव प्रसाद दमाहे पूर्व जनपद सदस्य, गणेश साहू पूर्व उपसरपंच, देवीचंद बोपचे मंडल उपाध्यक्ष रामपायली, गणेश लिल्हारे सचिव, रामेश्वर मेश्राम उपसरपंच, महेश लिल्हारे प्रबंधक, डॉ. विनोद पाराशर सहित अन्य लोग उपस्थित रहेगे।

## भाजपा युवा नेता प्रफुल्ल बिसेन बेगूसराय बिहार के लिए हुए रवाना

### चुनावी रणनीति बनाकर भाजपा प्रत्याशियों को जीताने में निभायेगे अहम भूमिका



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बज उठा है। एनडीए व महागठबंधन में शामिल विभिन्न दल अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों के कार्यकर्ताओं को बिहार के चुनावी समर में उतार रहे है।

भाजपा द्वारा भी मध्यप्रदेश के विभिन्न नेताओं को बिहार के विभिन्न हिस्सों में चुनाव प्रचार के लिए भेज जा रहा है। इसी कड़ी में बालाघाट जिले के वारासिवनी तहसील के निवासी शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी की जन भागीदारी समिति अध्यक्ष, वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक एवं पूर्व संगठन मंत्री प्रफुल्ल बिसेन को भी बिहार चुनाव में प्रचार व रणनीति बनाने के लिए चुना गया है। जिसके लिए श्री बिसेन आज बिहार के बेगूसराय जिले की विभिन्न विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए वारासिवनी से रवाना हुए। वह बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहों के वर्तमान सांसद बी डी शर्मा के नेतृत्व में बेगूसराय जिले में चुनावी रणनीति का नेतृत्व करेंगे।

श्री बिसेन ने बिहार रवाना होने के दौरान चर्चा में बताया कि बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। पिछले 5 वर्षो में बिहार में नितीश कुमार के नेतृत्व में भरपूर विकास कार्य किए गए है और बिहार को बीमारु राज्य की श्रेणी से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई गई। बिहार की जनता भी नितीश कुमार को बेहद पसंद करती है। इसीलिए एक बार फिर से वहॉ पर एनडीए की सरकार बनना तय है।

## महिला करिश्मा ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से लाभान्वित होकर लाड़ली लक्ष्मी योजना की

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** आंगनबाड़ी केंद्र दत्ता में ओबीसी, एससी, एसटी, और जनरल यहां सभी वर्ग के हितग्राही निवास करते हैं एवं आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत है सन 1999 से यह हितग्राही आंगनबाड़ी केंद्र दत्ता में पंजीकृत है महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना इन सभी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से भी सभी हितग्राही को राहत मिली है, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की राशि से उनके खान-पान एवं स्वास्थ्य में सुधार आया है प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभान्वित हितग्राही करिश्मा मातरे पति कमलेश मातरे दत्ता के निवासी है ,यह मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं महिला प्रथम बार जब गर्भवती हुई तब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा हितग्राही को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का फॉर्म भरने की सलाह दी गई एवं हितग्राही द्वारा इस योजना का लाभ लेने हेतु सभी दस्तावेज आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दिए गए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की प्रथम किस्त रू1000 दूसरी किस्त 2000 एवं तृतीय किस्त रू2000 प्राप्त हुई इस राशि से हितग्राही ने अपना पोषण स्तर में सुधार एवं खान-पान तथा स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया, इसका परिणाम यह हुआ की हितग्राही महिला ने एक स्वस्थ बालिका को जन्म दी, और उसकी बेटी आज लाडली लक्ष्मी बन गई हितग्राही परिवार द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की सराहना करते हुए महिला बाल विकास अधिकारी एवं कर्मचारियों का धन्यवाद किया है।





# शव रख ग्रामीणों ने लगाया एन एच 44 जबलपुर-नागपुर मार्ग पर जाम





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शुक्रवार रात सुकतारा में हुए एक दर्दनाक कार हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु के उपरांत आज सुबह शनिवार को मृतक के परिजनों और आक्रोशित गांव वालों ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एन एच 44 पर चक्का जाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सडक दुर्घटना में दिनेश ऐड की मौत हो गई व इंदर घायल है। घायल का उपचार नागपुर में जारी है। हादसे के बाद गांव वालों और परिवारजनों ने मृतक के लिए उचित मुआवजे की मांग करते हुए एन एच 44 को अवरुद्ध कर दिया। प्रदर्शनकारी सडक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और की मांग कर रहे हैं। सडक पर अवरोध के कारण राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रशासन की कार्रवाई

हादसे और जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। वे प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने और जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। स्थिति फिलहाल तनावपूर्ण बनी हुई है, और प्रशासन जल्द से जल्द यातायात बहाल करने की कोशिश में जुटा है।

# खजुराहो की बेटी को मिली भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने गुरुवार को अपनी नई प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय से की, जिसमें खजुराहो की बेटी डॉ. नंदिता पाठक को प्रदेश उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले नंदिता पाठक बीजेपी महिला मोर्चा मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में सक्रिय थीं और अपने समर्पण, संगठनात्मक कौशल और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उलेखनीय योगदान के लिए जानी जाती हैं। यह नियुक्ति न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का सम्मान है, बल्कि बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण भी है। नंदिता की इस उपलब्धि पर पार्टी नेताओं और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है, और इसे मध्य प्रदेश में महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। उड़ेखनीय है कि डॉ. नंदिता पाठक खजुराहो के राजनगर तहसील के ग्राम पीरा की निवासी हैं। उन्होंने भारत रत्न नानाजी देशमुख के एकात्म मानव दर्शन के सिद्धांत को अपने जीवन का आधार बनाया और इसे व्यावहारिक रूप से लागू करने में निरंतर प्रयासरत रही हैं।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से एमएचएससी और पीएचडी की डिग्री प्राप्त नंदिता ने अपनी शैक्षणिक यात्रा के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। उन्होंने एनसीसी सी सर्टिफिकेट हासिल किया, एनएसएस वॉलंटियर के रूप में काम किया और गणतंत्र दिवस परेड में दिली में जबलपुर का प्रतिनिधित्व किया। उनकी नेतृत्व क्षमता तब और उभरी, जब तत्कालीन गोवा की रा'यपाल डॉ. मृदुला सिन्हा ने उन्हें और उनके पति डॉ. भरत पाठक को स्वछ भारत अभियान का ब्रांड एम्बेसडर बनाया। आज भी वह इस अभियान को गति दे रही हैं। नंदिता पाठक का सामाजिक कार्यों में योगदान किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वर्ष 1994 से 2014 तक उन्होंने भारत रत्न नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट प्रकल्प में पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में सेवा दी।



इस दौरान उन्होंने उद्यमिता विद्यापीठ, चित्रकूट की निदेशक के रूप में 500 गांवों के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिलवाया। खादी ग्रामोद्योग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, जिला उद्योग केंद्र और विभित्र स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से उन्होंने मध्यम, लघु और गृह उद्योग इकाइयों की स्थापना करवाकर हजारों लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा। वर्ष 2001-2002 में उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 24 जिलों में रोजगार सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें 10,000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण से जोडा गया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नंदिता का योगदान भी ऐतिहासिक रहा है।

उन्होंने लगातार दस वर्षों तक महिला संगम आयोजित किए, जिनमें ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबन और नेतृत्व की प्रेरणा दी। वर्ष 2006-07 में उनके द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में 20 हजार से अधिक महिलाएं अपने संसाधनों से शामिल हुई, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। स्वामी विवेकानंद सार्थ शती समारोह की राष्ट्रीय टीम में सदस्य के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई और उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय युवा कुंभ में युवा पुरस्कार चयन समिति में कार्य किया। उनकी वैश्विक पहचान तथ बढ़ी, जब उन्होंने अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय में एकात्म मानव दर्शन पर वक्तव्य दिया और इटली में तेरा मादरे स्लो फूड कम्युनिटी में हिस्सा लिया। नंदिता पाठक के सामाजिक योगदान को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया है। वर्ष 2010 में उन्हें हिमाचल प्रदेश के ऊना में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रो. यशवंत राव केलकर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार मिला। भारतीय शिक्षण मंडल ने उन्हें रानी लक्ष्मी बाई सम्मान से सम्मानित किया। इसके आलावा, राष्ट्रपति भवन में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की उपस्थिति में उन्हें 100 वीमेन अचीवर्स अवॉर्ड से नवाजा गया, जब वह देश की 100 प्रभावशाली महिलाओं में चुनी गईं। विभित्र शासकीय और अशासकीय संस्थाओं ने स्वावलंबन और समाज सेवा में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया है।

नंदिता के परिवार में उनके पति डॉ भरत पाठक, जो गंगा विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक और नमामि गंगे, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जान शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से जुड़े हैं, उनकी प्रेरणा बने हुए हैं। उनकी दो बेटियां, अपूर्वा और अनन्या, भी सामाजिक कार्यों में रुचि रखती हैं।

नंदिता की नई जिम्मेदारी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने उत्साह जताया है। यह नियुक्ति मध्य प्रदेश बीजेपी में नई ऊर्जा का संचार करेगी। नंदिता पाठक की यह उपलब्धि खजुराहो और पूरे बुंदेलखंड के लिए गर्व का विषय है, और क्षेत्रवासी उनके नेतृत्व में नए विकास की उम्मीद कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने स्वर्ण जयंती महोत्सव मे किया सहभागिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शनिवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने आयोजित स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम मे सहभागिता किया। आज सिवनी नगर के मुंगवानी रोड भैरोगंज स्थित विद्या भारती सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे आयोजित दो दिवसीय स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने केबीनेट मंत्री म.प्र. शासन श्रीमती संपतिया उईके, सांसद श्रीमती भारती पारधी जी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी के साथ अतिथि के रूप मे सहभागिता किया। जहां कार्यक्रम मे आपने आपने सभी के साथ द्वारा विद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया।

# सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



सिवनी में सब्जियों की आवक घटने से दाम बढ़ गए हैं। जिले की थोक और चिल्लर सब्जी मंडियों में उत्पादन कम होने के कारण सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे आम लोगों का रसोई बजट प्रभावित हो रहा है।

वर्तमान में मैथी की भाजी 80 से 100 रुपए प्रति किलो बिक रही है, जबकि धनिया 100 से 120 रुपए प्रति किलो की दर से मिल रहा है। अदरक और सेमी के भाव भी 60 से 80 रुपए के बीच बने हुए हैं, और फूलगोभी 60 से 80 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। लगभग सभी हरी सब्जियों के दामों में वृद्धि देखी जा रही है।

### करीबी गांवों से पहुंच रही सब्जियां

राकेश नागफसे, अमित जैन और शाहिद खान सहित कई लोगों ने बताया कि हरी सब्जियों के दाम कुछ दिनों से बढ़े हुए हैं। पालक, भिंडी, बरबटी, बैंगन, धनिया और टमाटर जैसे कुछ उत्पाद आसपास के गांवों से आते हैं, जबकि अधिकांश सब्जियां छिंदवाड़ा और अन्य शहरों से मंगाई जाती हैं। बाहर से आने वाली सब्जियों पर भाड़े का खर्च जुडने से उनकी कीमतें बढ़ जाती हैं। फुटकर सब्जी विक्रेताओं के अनुसार, छिंदवाड़ा से सबसे अधिक हरी सब्जियां आती हैं। स्थानीय किसान कम मात्रा में सब्जी की खेती करते हैं, और वर्तमान में सब्जियों का उत्पादन काफी कम हो गया है। इसी कारण थोक और फुटकर दोनों स्तरों पर सब्जियों के दाम बढ़े हैं।

मंडी व्यापारियों और सब्जी कारोबार से जुड़े लोगों ने उम्मीद जताई है कि अगले एक सप्ताह से दस दिनों में सब्जियों की कीमतों में गिरावट आ सकती है। इसका कारण यह है कि क्षेत्र के किसानों की सब्जियां मंडियों में आनी शुरू हो जाएंगी, जिससे आपूर्ति बेहतर होगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

### आनंद की ओर एक कदम बरघाट में हुआ अल्पविराम कार्यक्रम

**सिवनी** / म.प्र. जन अभियान परिषद एवं म.प्र. राज्य आनंद संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती अंजली शाह के मार्गदर्शन में शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों में आनंद अनुभूति और सकारात्मकता बढ़ाने के उद्देश्य से अल्पविराम कार्यक्रम का शुभारंभ विगत दिवस बरघाट जनपद से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन एवं हमको मन की शक्ति देना प्रार्थना से हुआ। मास्टर ट्रेनर श्रीमती नीलम विश्वकर्मा ने आनंद की ओर, जीवन का लेखा-जोखा तथा चिंता का दायरा - प्रभाव का दायरा विषयों पर सत्र लेकर प्रतिभागियों को आत्मचिंतन और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर नैनवती बरकड़े एवं आनंदम सहयोगी नरेश मिश्रा, माधवी शर्मा, संजय शर्मा और भारत देशमुख ने अपने जीवन अनुभव साझा किए।

# चोरी का आरोपी चढ़ा लखनादौन पुलिस के हत्थे

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस द्वारा चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेवरात जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई।

प्रार्थीया जानकी बाई पति सतेन्द्र पटेल उम्र 30 साल निवासी चुरका ने रिपोर्ट लेख कराया था कि दिनांक 07/09/2025 को घर में ताला लगाकर खेत में काम करने चले गई थी शाम को घर वापस लौटी तो आलमारी टूटी थी जिससे सोने चांदी के जेवरात किमती करीबन 50000 रूपये को अज्ञात चोर इसके मकान का ताला तोडकर घर में घुसकर चोरी कर ले गया है ।

थाना पर अपराध पंजीबध्द कर अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी कर लखनादौन पुलिस टीम द्वारा आरोपी महेश पटेल को गिरफ्तार कर सोने चांदी के जेवरात जप्त कर आरोपी को जेल भेजा गया है । अभियुक्त 1 महेश पिता टेकराम पटेल उम्र 25 साल निवासी चुरका थाना लखनादौन जिला सिवनी।



जप्त संपतीःचांदी के 01 जोड पायजेब, 03 जोडी पायल एवं सोने का 01 मंगलसुत्र जिसमें 02 पत्ती लगी है ।

# आज मिशन ग्राउंड में होगा आदिवासी बचाओ आंदोलन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बिरसा ब्रिगेड संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर सतीश पेंदाम ने कहा कि संस्कृति की निर्माता ही वास्तविक भारत माता हैं। जल, जंगल और जमीन हमारी पहचान हैं, इन्हीं के संरक्षण से भारत की आत्मा बची रहेगी।उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2 बजे से मिशन स्कूल ग्राउंड, सिवनी में आदिवासी बचाओ आंदोलन का आयोजन किया जाएगा।

इंजी. पेंदाम ने कहा कि बिरसावाद महज एक आंदोलन नहीं, बल्कि सदियों से शोषण, अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आदिवासियों की सांस्कृतिक समाजवादी विचारधारा है। भारत की मूल संस्कृति जल-जमीन-जंगल से जुड़ी है, जिसे पूजनीय माना गया है। आज वही संस्कृति संकट में है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से आदिवासियों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया है, लेकिन उन्हें इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला। कार्यक्रम में देशभर से आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बलराज मलिक उपस्थित रहेंगे।इंजी. पेंदाम ने कहा कि आदिवासी भारत के मूल निवासी हैं, और उन्हें उनके मूल अधिकार व सम्मान दिलाना हर नागरिक और सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है।

इस आंदोलन के माध्यम से बिरसा ब्रिगेड, मिशन आदिवासी भारत, ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन और अन्य संगठन मिलकर आदिवासी अस्मिता, जल-जंगल-जमीन और सांस्कृतिक अधिकारों के संरक्षण का संकल्प लेंगे।

# राज्य स्तरीय मोगली महोत्सव की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कुरई विकासखण्ड के ग्राम टूरिया में 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय मोगली महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज स्थल पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने सम्पूर्ण राज्य से आने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के ठहरने, भोजन, आवागमन तथा आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रम इस प्रकार आयोजित किए जाएँ, जिससे बच्चों का प्रकृति और संस्कृति से जुड़ाव बढ़ सके।

कलेक्टर ने भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य प्रशासन विभाग, सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं। इसी प्रकार अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

कलेक्टर ने कहा कि सम्पूर्ण आयोजन को सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी विभाग परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि बच्चों को सुरक्षित, आनंदमय और प्रेरणादायी अनुभव प्राप्त हो। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, एसडीएम कुरई श्री प्रशांत उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों को समय पर मिले पर्याप्त खाद - विभागीय समन्वय से करें सुनिश्चित : कलेक्टर शीतला पटले

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित सभी प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसानों को रबी फसल सीजन में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

बैठक में कलेक्टर ने सहकारी समितियों एवं मार्कफेड के माध्यम से वितरण कार्य को और अधिक सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, जिससे प्रत्येक किसान को समय पर आवश्यक मात्रा में खाद प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक एवं जिला प्रबंधक मार्कफेड को आवश्यक अभिलेखों एवं प्रविष्टियों का अद्यतन रखकर पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में रबी सीजन के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद का वितरण प्राथमिकता से किया जाएगा। बैठक में कृषि, सहकारिता, मार्कफेड, एम.पी. एग्रो सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### इधर, कलेक्टर ने किया कन्या शिक्षा परिसर एवं सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण

/ कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शुक्रवार को कुरई विकासखण्ड के गोडेगांव बेलगांव स्थित निर्माणाधीन कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर श्रीमती पटले ने सांदीपनि विद्यालय सुकतरा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में चल रहे मैदान एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था और शिक्षण गतिविधियों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक स्तर के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री प्रशांत उइके, निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## परिणामों में वृद्धि को लेकर ली क्लास

# परीक्षा को लेकर डीईओ ने प्राचार्यों को दिए निर्देश

संभागीय शिक्षा संचानालय जबलपुर के दिशा निर्देश पर ईएफए स्कूल सिवनी में जिला शिक्षा अधिकारी एसएस कुमरे आरआर मेहता एवं आपी पाटिल महेन्द्र सैय्याम तथा डीएल तिवारी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई इस बैठक में शालाओं के गिरते परिणामों को लेकर चिंता व्यक्त की गई वही नये सत्र में बोर्ड परीक्षाओ के परिमाणों में वृद्धि को लेकर चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

श्री कुमरे ने कहा कि शाला में उपस्थित स्टाप में अध्यापन एवं अन्य कार्यो को लेकर स्टाप का विभाजन किया जाये साथ ही किसी भी स्थिति में शाला का परिणाम प्रभावित ना हो इस बात को लेकर भी बात रखी गई। इस दौरान शालाओं में समय पर शाला का प्रबंधन एवं स्टाप को हर स्थिति में कार्य करना है साथ ही अवकाश को लेकर पर हिदायत दी गई शासकीय शालाओं के शिक्षकों द्वारा की जा रही



टियूशन पर भी चिंता व्यक्त की गई तथा सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्राचार्य महेश गौतम, आपपी बछलिया आभा सिहं डेजी जैन रशिमी गौर, वीरेन्द्र दीक्षित, जयंती भलावी, डीके बिसेन, जीसी डहेरिया, राजेश बिसेन नासीर खान राशमणि मस्कोले राजेश्वरी धुर्वे अकीला खान, रिचा सनोडिया, राजकुमार दुबे, अंनत राहंगडाले एम मरावी प्रतीक्षा मनगढे आदि उपस्थित रही।

# जिला स्वास्थ्य समिति और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में स्वास्थ्य, पोषण और विकास संबंधी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की वृहद समीक्षा की गई और अन्य स्वास्थ्य अभियानों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिला स्तर पर एनआरसी की क्रियाशीलता की भी जांच की और अधिकारियों को इसे प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, चिन्हांकित हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं पर विशेष ध्यान देने और सीवियर एनीमिया से ग्रसित महिलाओं के समय पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराने पर जोर दिया।

महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, फेशियल रिकॉग्निशन के पंजीयन की स्थिति और टेक होम राशन के वितरण का अवलोकन किया। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि राशन का शतप्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। चिन्हांकित कुपोषित बच्चों की लगातार मॉनिटरिंग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों तक वितरण और लाडली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए। परियोजना अधिकारी और सुपरवाइजर अपने भ्रमण पोर्टल में सभी गतिविधियों का समय पर दर्ज करेंगे।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले के नवाचर आयुषी अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्कूलों में नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुलें और दोनों विभाग समन्वित होकर कार्य करें, ताकि शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँच सके।

बैठक के दौरान बीपीएम केवलारी मंतोष नर्वेती द्वारा पोर्टल में डाटा प्रविष्टि न करने की स्थिति पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं के निष्पादन में सतर्कता, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश भी दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर सहित सभी बीएमओ, सीडीपीओ और ब्लॉक स्तर के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, टीकाकरण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी दी।

## कस्टम मिलिंग के धान की गड़बड़ी करने वाले तीनों राइस मिलर्स की 03.92 करोड़ रुपए की अमानत राशि राजसात होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर श्री मातारानी राईस मिल खैरलांजी, मॉ कमला देवी राईस मिल गर्रा एवं मॉ पूर्णा राईस मिल चिचोली (लॉजी) के प्रोपराईटर/संचालक के द्वारा कस्टम मिलिंग में की गयी धान की अफरा तफरी की वसूली इन तीनो मिलर्स की अमानत राशि के रूप में जमा एफ0डी0 एवं बैंक ग्यारंटी कि 03 करोड़ 92 लाख 70 हजार रुपये की राशि राजसात करने की कार्यवाही की जा रही है।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि तीनो मिलर्स पर अधिरोपित शस्ति एवं पेनाल्टी की वसूली अमानत राशि राजसात करने के पश्चात भी शेष रहती है तो आर आर सी जारी कर भू-राजस्व के बकाया की तरह उनकी चल अचल संपत्ति की कुर्की और नीलामी कर वसूल की जाएगी। म. प्र .शासन की कस्टम मिलिंग नीति और अनुबंध की शर्तों के अनुसार राइस मिलर द्वारा उठाई गयी धान का प्राप्ति दिनांक से 25 दिवस की अवधि में नागरिक आपूर्ति निगम और भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में चावल जमा नही करने पर कम जमा मात्रा पर 02 प्रति क्विंटल प्रति दिन की पेनाल्टी लगायी जावेगी। जिले के जिन राइस मिलर्स द्वारा धान उठाव के पश्चात कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में विलंब किया गया है उन समस्त मिलर्स पर भुगतान के समय नियमानुसार पेनल्टी लगाई जावेगी।



## रंगदारी मांगने वालों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में ग्रामीण पुलिस ने रंगदारी और आर्म्स एक्ट के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों का जुलूस निकाला, जिसमें वे 'गुंडागर्दी पाप है, पुलिस हमारी बाप है' का नारा लगा रहे थे। यह घटना शनिवार को ग्रामीण थाना क्षेत्र के गोंगलई में हुई।

आरोपियों ने किसान संदीप पिछोड़े से शराब के लिए पैसे मांगे थे। पैसे देने से इनकार करने पर युवकों ने संदीप के साथ मारपीट की। किसान की शिकायत के बाद पुलिस ने गोंगलई पहुंचकर चार युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आम जनता में सुरक्षा का भाव और अपराधियों में भय पैदा करने के उद्देश्य से इन आरोपियों का जुलूस निकाला। इस जुलूस का नेतृत्व थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने किया।

थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि शनिवार सुबह गोंगलई में चार युवकों द्वारा रंगदारी मांगने की सूचना मिली थी। इन युवकों ने पीड़ित संदीप पिछोड़े से शराब के लिए पैसे मांगे और मना करने पर मारपीट की।



सूचना के आधार पर पुलिस ने गोंगलई पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

चारों के खिलाफ रंगदारी मांगने का मामला दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त आरोपी अक्कू उर्फ आकाश बोमर्डे और विशाल दमाहे के पास से धारदार चाकू मिलने पर उन पर आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया।

थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि आरोपी जितेंद्र उपवंशी और आकाश बोमर्डे पर वर्ष 2021 में हत्या के प्रयास का मामला भी दर्ज है।

## मानेगांव के पास सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत

### भरवेली से लौटते समय हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के भरवेली थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 19 वर्षीय आशीष पिता मुकेश पांचे की मौत हो गई। शनिवार को उन्हें घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

आशीष के दोस्त वंश मानेश्वर ने बताया कि उन्हें आशीष के घायल होने की सूचना मिली थी। घटना स्थल पर पहुंचने पर आशीष घायल अवस्था में मिले, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।



हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आशीष की मौत वाहन के अनियंत्रित होकर गिरने से हुई या किसी अन्य वाहन ने उन्हें टक्कर मारी।

अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार, सड़क हादसे में युवक की मौत की सूचना मिलने पर शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। मामले में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी भरवेली पुलिस को भेजी जाएगी, जो आगे की जांच करेगी।

## सोनपुरी के तालाब में अधेड़ की तालाब में डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी के तलाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी. परिजनों के अनुसार सोनपुरी निवासी रमेश पिता फत्तेलाल कावरे उम्र (55) शुक्रवार को12बजे भैंसों को तालाब में धो रहा था।भैंस के तालाब में ही रहने से परिवार के लोगों को उनके तालाब में डूबने की आशंका हुई. परिजनों ने काफी खोजबीन की,लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया.परिवार वालों ने तालाब में डूबने की शिकायत पुलिस थाना किरनापुर में की पुलिस थाना किरनापुर के थाना प्रभारी माधव शर्मा के निर्देश पर तालाब की ओर अपने दल बल के साथ तालाब की ओर निकले। बालाघाट से वोटिंग मशीन की सहायता से शुक्रवार शाम तक काफी खोजबीन करने से लाश का दूसरे दिन शनिवार को वोटिंग मशीन व गोताखोरों की मदद से तालाब में डूबे रमेश पिता फत्तेलाल कावरे की लाश को 12बजे निकाला गया पाया। पुलिस थाना के एएसआई



अनिल बिसेन द्वारा शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर भेजा गया ।जहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर द्वारा पीएम कराकर शव को परिवार को सोपा गया। मृतक अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी व परिवार को छोड़ गये हैं. वह गांव की भैंस चराने का काम किया करता था । किरनापुर पुलिस थाना के होमगार्ड के जवानों यशवंत गबने की टीम का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

## मोहगांव से जाम मार्ग में जानलेवा गड्ढे, राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जाम से मोहगांव मार्ग पर अनगिनत गड्ढे दिखाई दे रहे है जो आवागमन में रहागीरों के लिए बाधा पैदा कर रहे हैं और जानलेवा साबित हो सकते हैं। राहगिरो का कहना है कि मार्ग के निर्माण को ज्यादा वक्त नहीं बिता लेकिन गड्ढे जल्द ही उबर गए बड़े-बड़े गड्ढे अनहोनी घटना को निमंत्रण है संबंधित विभाग को चाहिए कि वह मार्ग मैं उभरे बड़े-बड़े गड्ढो की जल्द मरम्मत कराए जिससे अनहोनी घटना का अंदेशा ना बना रहे।

## भानपुर में 2 दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता कल से

### विजेता को मिलेगी 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वा रा सि व नी - खै र लॉ जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भानपुर में दो दिवसीय ओपन विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्टूबर से नवयुवक समिति देवी चौक भानपुर द्वारा किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता के विजेता को 10 हजार रुपये, उपविजेता को 6 हजार रुपये व तृतीय विजेता को 4 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष जय दमाहे व सचिव जितेश मसखरे ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 27 अक्टूबर को के आर परमिल शिक्षक के मुख्य आतिथ्य व जै की दमाहे की अध्यक्षता में होगा। जिसमें विशिष्ठ अतिथि के रुप में सुन्दर दमाहे, मार्कण्य दमाहे, रुपचंद लिल्हारे, दिलीप दमाहे, कैलाश दमाहे, हरिलाल दमाहे,चोवालाल दमाहे, हनसलाल मसखरे, बिहारी लिल्हारे, अशोक मसखरे, राजकुमार मसखरे, मदन मसखरे, सोहनलाल बम्बुरे, अमर बम्बुरे,महेन्द्र दमाहे, पीतम मसखरे, अजब लाल लिल्हारे, रमेश दमाहे उपस्थित रहेगे।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 28 अक्टूबर को विधायक विवेक विक्की पटेल व राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली के मुख्य आतिथ्य और ब्लॉक कांग्रेस खैरलॉजी अध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोकुल प्रसाद गौतम की अध्यक्षता में होगा।

## मिट्टी की चोरी : जेसीबी से खुदाई और ट्रैक्टर से होती थी सप्लाई, वाहन जब्त

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले की लामता तहसील में शासकीय भूमि खसरा नंबर 417 से मिट्टी के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई की है। जेसीबी मशीन से खुदाई की जा रही थी और ट्रैक्टरों से मिट्टी ढोई जा रही थी।

सूचना मिलने पर तहसीलदार डी.एस. मरावी के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक किशोर उइके, राजस्व निरीक्षक नरेश पटेल और ग्रामरक्षक दिनेश राऊत की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मिट्टी से भरे एक ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन को जब्त कर लामता पुलिस की अभिरक्षा में रखा है। इसके अतिरिक्त, बिना नंबर वाले चार खाली ट्रैक्टरों के चालकों और मालिकों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जांच में सामने आया कि ट्रैक्टर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं थे।

तहसीलदार डी.एस. मरावी ने बताया कि लामता हल्का नंबर 17 में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से जेसीबी से खुदाई कर ट्रैक्टरों से मिट्टी का परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालकों के पास खुदाई और परिवहन



से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। इसी कारण जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लामता थाने में पुलिस को सौंपा गया है। इस पूरी कार्रवाई का प्रकरण तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिले में गौण खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। इन गतिविधियों से शासन को राजस्व का नुकसान होता है। प्रशासनिक अमला समय-समय पर ऐसी कार्रवाई करता है, लेकिन अवैध उत्खनन पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है।

## दीवान बहादुर मुलना जी की 157 वीं जयंती पर उन्हें किया गया नमन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** दानवीर दीवान बहादुर एमएम मुलना जी की 157 वीं जयंती 25 अक्टूबर को बालाघाट में समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। आकाशवाणी बालाघाट के पास स्थित दीवान बाहादुर मुलना जी की समाधि पर मुंबई से आये उनके परिजनों, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी, श्री विजय वर्मा, श्री ऋषभ वैद्य, श्री महेंद्र सुराना, श्री अभय सेठिया, श्री किरण भाई त्रिवेदी, श्री राजेंद्र शुक्ल, श्री कमलजीत सिंह छाबड़ा एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने मुलना जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात बस स्टैंड स्थित उद्यान में मुलना जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुलना जी के परिजन पालिटेक्निक कालेज स्थित उनके बंगले में भी पहुंचे और उसके रखरखाव के लिए बालाघाट के सामाजसेवियों एवं जिला प्रशासन की सराहना की। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना ने इस अवसर पर कहा कि दीवान बहादुर मुलना जी ने बालाघाट को जो विरासत सौंपी है, उसके संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उनके कार्यों से पता चलता है कि वे एक महान व्यक्ति थे और वे आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।

दानवीर दीवान बहादुर मुलना जी का पूरा नाम दीवान बहादुर मानेकजी मेहरवान जी मुलना था। वे बालाघाट के एक महान दानवीर थे, जिन्होंने शिक्षा, खेल, और सामाजिक क्षेत्रों में बालाघाट शहर के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके द्वारा दान में दिये गये भवनों में पालिटेक्निक कालेज, मुलना स्टेडियम और बस स्टेंड पर एक उद्यान शामिल है। दीवान बहादुर मुलना जी का जन्म 25 अक्टूबर 1868 को हुआ था और उनका निधन 02 जुलाई 1957 को हुआ है। दीवान बहादुर ब्रिटिश शासन के दौरान प्रदान की जाने वाली एक सम्मानीय उपाधि थी, जो राष्ट्र के प्रति निष्ठावान सेवा और जनकल्याण के कार्यों के लिए दी जाती थी।

## वन स्टॉप सेंटर में किया गया आई.ए.एस. अधिकारियों द्वारा निरीक्षण

**बालाघाट।** वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारियों श्रीमति एस प्रिया मिश्रा द्वारा वन स्टॉप सेंटर बालाघाट का औपचारिक निरीक्षण किया गया । जिसमे सेंटर द्वारा उपलब्ध कराने वाली सहायताऐं, सुविधाऐं, कार्यालय में स्वच्छता, दैनिक पंजिया, आश्रय कक्ष, सभी उपस्थित कर्मचारियों के कार्यदायित्व की जानकारी ली गई । निरीक्षण के दौरान कार्यालय में पदस्थ केस वर्कर से आगंतुक पीड़ति महिला के केस फाइल, पीड़ति महिला को दी जाने वाली सहायता एवं उसके समस्त प्रपत्र की जाँच की गई एवं चर्चा की गई कि महिला के वन स्टॉप सेंटर में आने के क्या-क्या माध्यम हैं, अधिकतर महिलाये किस माध्यम से आती है, परामर्श उपरांत क्या महिलाओ का फीड बैक लिया जाता है, फालोअप रजिस्टर, चर्चा प्रपत्र, केस स्टडी, विधिक प्रपत्र, का अवलोकन एवं परामर्शदाता से परामर्श रिपोर्ट एवं केस स्टडी का अवलोकन एवं आश्रय में निवासरत घरेलु हिंसा से पीड़ति महिला को प्राप्त सहायता के विषय में चर्चा की गई । सभी व्यवस्थाये उचित पाई गई एवं अधिकारियों द्वारा अन्य विभागों की योजनओं से और बेहतर समन्वय हेतु बैठक करने निर्देश दिए गए ।



## 1 नवंबर से हेलमेट अनिवार्य, एसपी ने यातायात व्यवस्था ठीक करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने की जिम्मेदारी अब एसपी आदित्य मिश्रा ने संभाली है। शुक्रवार देर शाम एसपी ने आंबेडकर चौक का दौरा किया और अव्यवस्थित वाहनों के आवागमन को देखकर यातायात पुलिस को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इसके बाद सीएसपी से लेकर आरक्षक तक का पूरा स्टाफ जैकेट और लाठी के साथ सड़क पर उतरा।



पुलिस ने शहर में यातायात को सुचारु बनाने के लिए 12 नए पॉइंट बनाए हैं, जहां वाहनों की चेकिंग की जाएगी। इन पॉइंट्स के अलावा, एक मोबाइल पार्टी भी शहर में लगातार गश्त करेगी। चौक-चौराहों पर यातायात स्टॉपर भी लगाए जा रहे हैं, ताकि वाहनों का आवागमन व्यवस्थित हो सके।

दरअसल, शहर में स्कूली बच्चे और युवा तेज रफ्तार से वाहन चला रहे थे, और यातायात पुलिसकर्मी अक्सर अपनी ड्यूटी पर लापरवाही बरतते नजर आते थे। कई बार वे पेड़ों के नीचे या होटलों के पास मोबाइल चलाते हुए देखे जाते थे, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था अराजक हो गई थी।

सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया ने बताया कि लोग मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चला रहे थे और युवा पीढ़ी तेज रफ्तार में वाहन दौड़ा रही थी। इससे शाम के समय पैदल चलने वालों को काफी परेशानी हो रही थी। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए यातायात को सुचारु बनाने के लिए पॉइंट और मोबाइल टीम तैनात की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि 1 नवंबर से हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। इस दिन से 'जीरो हेलमेट टॉलरेंस' अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी वाहन चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा।

शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था में बस स्टैंड की स्थिति भी चिंताजनक है। बस संचालकों को लगातार समझाइश देने के बावजूद, बसें अव्यवस्थित रूप से खड़ी की जाती हैं और जगह-जगह रोकी जाती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है।

आलम यह है कि बस स्टैंड से आम लोगों के पैदल, दुपहिया और चौपहिया वाहन से निकलना जोखिम भरा लगता है। जिसकी व्यवस्था में भी सुधार किए जाने की बात जागरूक लोगों ने की है।

## राजनीतिक दबाव के चलते पत्रकार पर बिना जांच के मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज बैहर।

बालाघाट जिले की बैहर तहसील मे इन दिनों राजनैतिक गुंडागर्दी खुलेआम देखने को मिल रही हैं, कही प्रशासन पर दबाव बनाकर अवैध रूप से योजना का लाभ लेना, तो कही थानो मे झूठी शिकायत लेकर, राजनीतिक दबाव बनाकर एफ आई आर करवाना, लेकिन यहाँ बड़े ही आश्चर्य की बात यह हैं की बिना जांच पड़ताल के पुलिस एफ आई आर भी दर्ज कर लेती हैं, ऐसा ही हालिया मामला एक पत्रकार पर राजनितिक दबाव के चलते एस सी एक्ट और अन्य धारा के तहत बैहर थाना मे मामला दर्ज किया गया है।

### क्या है पूरा मामला

बैहर मे पत्रकार आर राजा सोनवाने के विरुद्ध झूठी शिकायत पर एफ आई आर से मामला गरमा गया है, श्री सोनवाने लगभग 22 वर्षों से विभिन्न पत्र पत्रिकाओ मे बतौर पत्रकारिता का कार्य कर रहे है,लगातार जनहित के मुद्दों को प्रकाश मे लाकर शासन प्रशासन का सहयोग करते आ रहे है, साथ ही पत्रकार कबीरपंथी समाज बैहर का अध्यक्ष भी है, विगत दिनांक 10 अक्टूबर 2025 की शाम को कबीरमंदिर मे आगामी बैठक को लेकर काफी देर से पेंटिंग व सफाई कार्य करवा रहे थे, तभी मंदिर के सामने कृष्णा नामक युवक समाज के ही राकेश परवार से धक्का मुक्की कर रहा था,तब कबीरपंथी समाज के अध्यक्ष एवं पत्रकार श्री सोनवाने ने, दोनों को मंदिर के सामने झगड़ा ना करने की समझाइस दी फिर दोनों ही पक्ष अपने अपने घर चले गए,



लेकिन दूसरे दिन दिनाक 11 अक्टूबर को जानकारी अनुसार दोनों पक्ष फोन मे ही लड़ाई करते हुवे कहाँ सुनी हो गई, जबकि उक्त मामले से पत्रकार आर राजा सोनवाने का कोई लेना देना नहीं था, तभी वार्ड पार्षद सुरपती यादव मामले को जोर देते हुवे, कृष्णा नामक युवक को पकड़कर थाने ले गई, और वहां दूसरा पक्ष राकेश के साथ पत्रकार का नाम बेवजह लिखा कर, मामला पंजीबद्ध को लेकर रोना गाना करते हुवे राजनितिक दबाव बनाने लगी,तब बैहर पुलिस दबाव मे आकर बिना जांच पड़ताल किये, विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध भी कर लिया गया।

**कौन है सुरपती, क्यों पत्रकार पर एफ आई आर का दबाव बनाती रही:** पीड़ति आर राजा सोनवाने अन्याय के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे है, जिससे कुछ लोग खुश तो कुछ लोग नाखुस होते थे, ऐसे ही जब 2022 मे वार्ड पार्षद सुरपती यादव बड़े झाड़ के जंगल भूमि मे कुटरचित दास्तावेज तैयार कर, नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी की सांठगाँठ मे प्रधानमन्त्री आवास का लाभ लेकर आवास का निर्माण कर रही थी, लेकिन उसी भूमि मे निवासरत अन्य नागरिको को यह कहकर आवास का लाभ नहीं दिया गया की आप लोग बड़े झाड़ के जंगल मे निवास करते हो, लेकिन वार्ड पार्षद को ही इसका लाभ मिलता है, तब उक्त मामले को लेकर पत्रकार ने 28 अक्टूबर 2022 को एस डी एम बैहर को शिकायत कर सुरपती को अवैध रूप से मिलने वाले लाभ को निरस्त करने की मांग की गई थी, फिर मोहल्ले मे वार्ड पार्षद के द्वारा अवैध रूप से बिकवा रही कच्ची शराब को लेकर समाचार प्रकाशन किया गया था,वही घटना के ठीक दो दिन पहले नगर परिषद के मजदूरों से अपने घर मे लिपाई पोताई का कार्य करवा रही थी, तब भी पत्रकार द्वारा पार्षद की शिकायत की गई थी, इस तरह उक्त शिकायत और समाचार से बौखलाकर कृष्णा नामक एस सी वर्ग का व्यक्ति जो सुरपती से अवैध सम्बन्ध को लेकर चर्चाओ मे है ऐसे व्यक्ति को मोहरा बनाकर पत्रकार श्री सोनवाने को उसकी पद प्रतिष्ठा, एवं छवि धूमिल करने व बदला लेने की बदनीयत से जबरन थाने मे राजनितिक दबाव बनाकर मामला दर्ज कराई गई है।

**बैहर के पत्रकारों ने की एस पी और कलेक्टर से जांच की मांग:** बेवजह पत्रकार को झूठे केश मे फसाने और बिना जांच पड़ताल के पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करने के मामलो को लेकर,दिनांक 25 अक्टूबर को बैहर के पत्रकारों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को माननीय पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर महोदय बालाघाट के नाम ज्ञापन सौंपा है , एवं उक्त मामले मे सूक्ष्म जांच की मांग की है, और यह भी अवगत कराया गया है, की उक्त पुरे घटना क्रम मे पक्ष विपक्ष दोनों किस लोकेशन मे लड़े झगडे है, किसने किसको, किसके नंबर से गाली गलौच किया है, और इस मामले मे सुरपती नामक महिला क्यों शामिल होते हुवे थाने मे जाकर, रोना गाना कर रही थी, व मिडिया वालो को गलत बयान देकर बताया की पत्रकार के द्वारा कृष्णा को जोर जोर से मारने पीटने व गला दबाकर जान से मारने का आरोप लगाया है, इस दौरान पत्रकार पर एफ आई आर के लिए दबाव बनाने किस किस नेताओ को फोन लगाई है, उक्त मामले की सूक्ष्म पड़ताल और मेडिकल जांच की मांग भी पत्रकार ने की है! इस दौरान मुख्य रूप से पत्रकार देवदत्त धानेश्वर, प्रदीप पांडव, इतवारी श्रीवात्री, राकेश शर्मा, नरेंद्र शेंडे, ब्रजेश भिवगड़े, हरेसिंह पुशाम ,सचिन चौहान, अनिल वल्के, राहुल जायसवाल, आर राजा सोनवाने सहित भारी संख्या मे पत्रकार साथी उपस्थित रहे।